# भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2021/29** **दिनांक 27.10.2021**

**प्रेस नोट**

**भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर द्वारा विशेष स्वछता अभियान के अंतर्गत ग्राम अर्जुन बरोदा, जिला इंदौर में दिनांक 27 अक्टूबर 2021 को स्वछता जागरूकता कार्यक्रम की प्रेस नोट**

भारत की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ वर्षगाठ पर मनाये जा रहे "अमृत महोत्सव" तथा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश में दिनांक 2 से 31 अक्टूबर के दौरान आयोजित विशेष स्वछता अभियान के अवसर पर भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान, इंदौर द्वारा प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत आज दिनांक 27 अक्टूबर 2021 को "मेरा गाँव मेरा गौरव" कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित ग्राम अर्जुन बरोदा, जिला इंदौर में ग्राम स्वछता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्थान द्वारा क्रियान्वित भारतीय सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान द्वारा विशेष स्वछता अभियान के आयोजन हेतु गठित समिति के संदस्यों ने इस अवसर पर ग्रामवासियों को कृषि फसलों में स्वछता "ग्रामीण भारत में कृषि, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य" विषय पर जानकारी देकर ग्रामीण एवं खेत खलिहान परिसर में प्लास्टिक, कागज़, खाद्यान्न के आवरण आदि जैसे गंदगी फ़ैलाने वाले कचरे का अनावश्यक उपयोग प्रतिबंधित करने तथा जैविक खाद बनाने योग्य कचरे का खेती में पुनरुपयोग कर फसलों की उत्पादकता में वृद्धि लाने एवं हेतु उपयोग करने हेतु प्रेरित किया. इस अवसर पर डॉ. राजकुमार रामटेके, प्रधान वैज्ञानिक ने अपने संक्षिप्त संबोधन में ग्रामवासियों को वर्तमान में व्याप्त कोरोना एवं अन्य बीमारियों से सुरक्षित रखने हेतु शासन द्वारा जारी किये गए दिशानिर्देशों का पालन करने का आवाहन किया. इस अवसर पर संस्थान के डॉ. बी. यू. दुपारे, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा कृषि उत्पादकता की कमी लाने वाले विभिन्न कारकों जैसे खरपतवार, कीट एवं रोगों के तत्काल नियंत्रण हेतु आवश्यक क्रियाओं का पालन कर अपने खेत खलिहान को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने हेतु प्रेरित किया. इस कड़ी में ग्राम अर्जुन बरोदा के प्रगतिशील कृषक श्री मेहरबान सिंह ने भारतीय सोयाबीन अनुसनधान संस्थान द्वारा सोयाबीन की उन्नत तकनीकी विकास के अतिरिक्त समाज उपयोगी गतिविधियों के आयोजन हेतु सराहना की. कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम किशोर वर्मा ने उनके द्वारा रचित "स्वछता से समृद्धि" शीर्षक की कविता की प्रस्तुति देकर किया तथा धन्यवाद् ज्ञापन श्री राकेश चन्द्र शाक्य द्वारा किया गया.



